रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

शहडोल में आज 7वी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी उपस्थित रहे। प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिये कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। इसमें 2 हजार से अधिक उद्योगपति हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमपीआईडीसी इंदौर के क्षेत्र अंतर्गत आने वाली इंदौर संभाग की चार औद्योगिक इकाइयों को वर्चुअली लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इन चारों इकाइयों में लगभग 173 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। रीजनल कॉन्क्लेव के पहले मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि सरकार ने संकल्प लिया है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करेंगे। इसी कड़ी में आज शहडोल में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रही है।

पीएम स्टार्ट-अप इंडिया

आज स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवा अपनी सृजनशीलता और नवाचार से ऐसे स्टार्टअप से पहचान स्थापित कर रहे हैं, जो देश

के विकास में योगदान के साथ अन्य लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने स्टार्टअप के प्रयास कर रहे युवाओं को शुभकामनाएं दी।

इसरो-स्पेडेक्स

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने आज स्पेडेक्स मिशन के तहत दो उपग्रहों की डॉकिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के वैज्ञानिकों और उपग्रहों की अंतरिक्ष डॉकिंग के सफल प्रदर्शन के लिए अंतरिक्ष दल को बधाई दी है। केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह प्रणाली भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान सहित भविष्य के महत्वकांक्षी मिशनों के निर्बाध संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगी।

महाकुंभ-नेत्र कुंभ

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महाकुंभ में स्वास्थ्य देखभाल सेवा में आंखों के इलाज के लिए नेत्र कुंभ आयोजित किया गया है। इसके तहत प्रतिदिन 10 हजार लोगों को परामर्श सेवा के लक्ष्य के साथ ओपीडी चलाया जा रहा है। नेत्र कुंभ में तीन लाख चश्मे वितरित किए जाएंगे। 10 एकड़ में फैले नेत्र कुंभ में 11 हैंगर स्थापित किए गए हैं । आयोजन समिति के सदस्य डॉ. रंजन बाजपेयी ने कहा कि नेत्र कुंभ में 40 नेत्र विशेषज्ञों और 100 ऑप्टोमेट्रिस्ट की टीम आंखों की जांच कर रही है।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से प्रदेश में मौसम फिर बदला हुआ है।

आज भोपाल समेत निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत प्रदेश के आधे हिस्से में बारिश हो सकती है। आज ग्वालियर-चंबल संभाग में बारिश होने के आसार हैं। गुना जिले में ठंड के कारण नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाओं में 18 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। लेकिन परीक्षाएँ निर्धारित समय सारणी अनुसार यथावत संचालित रहेगी। वहीं शिवपुरी में इस समय कड़ाके की सर्दी जारी है। आज सुबह 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। शीतलहर को देखते हुए कलेक्टर ने कक्षा नर्सरी से लेकर 8 वी तक के बच्चों का आज और कल का अवकाश घोषित किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी में किसानों को अब तक 487 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। 2 दिसंबर से शुरू हुई खरीदी में 41 हजार 481 किसानों से लगभग 3 लाख 37 हजार मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है।

- अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु के प्रचार प्रसार के लिए महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन नर्मदापुरम जिले के माखन नगर

में किया गया।

....